-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना को0 नगर पुलिस द्वारा महेश्वरीदेवी मन्दिर में पूजा करने के दौरान गिरी सोने की चेन को सीसीटीवी के माध्यम से ढुंढ़ कर महिला को किया गया वापस।**

विवरण- थाना को0 नगर पुलिस द्वारा महेश्वरीदेवी मन्दिर के दर्शन करने आयी महिला का मन्दिर में पूजा करने के दौरान गिरी सोने की चेन को सीसीटीवी के माध्यम से ढुंढ़ कर वापस कराया गया। दिनांक 18.11.2024 को अनुराधा शुक्ला पत्नी कृष्ण औतार शुक्ला निवासी ग्राम स्योढा थाना गिरवां जनपद बाँदा मन्दिर में पुजा करने आई थी, पुजा करने के दौरान महिला की 30 ग्राम की सोने की चेन कहीं गिर गई थी। महिला द्वारा चेन को ढुंढ़ने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु चेन नहीं मिली। महिला द्वारा थाना को0 नगर में सूचना दी गई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर जा कर जांच की गई तथा आस-पास मौजुद लोगों से भी पुछताछ की गयी। सीसीटीवी फुटेज की जांच से मालुम चला की ग्राम महुआ थाना गिरवां की रहने वाली महिला ने चेन को उठाया है। महिला के बारे में जानकारी कर चेन को पीड़ित महिला के सुपुर्द किया गया। महिला ने पुलिस की कार्यवाही से खुश होकर पुलिस टीम को धन्यवाद दिया।

पकड़ने वाली टीम-

1. श्री विवेक त्रिपाठी चौकी प्रभारी बलखंडी नाका
2. आरक्षी स्पेंद्र पाल